# प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा
# (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा
## (D.El.Ed.(**Pre.B.S.T.C**) Examination) – 2018

# **सामान्य दिशा निर्देश**


- हेल्पलाईन नम्बर : ***02962- 247022,02962- 246022***
  ***Mobile Number 7222836754***
- E-mail : ***bstcggtu2018@gmail.com***
- वेबसाईट : (i) www.ggtu.ac.in , (ii) **www.bstcggtu2018.com**

- प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा **(D.El..Ed.)** (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा **(D.El.Ed.(Pre.B.S.T.C) Examination)** - 2018 की अधिकृत वेबसाइट **www.bstcggtu2018.com**

# अनुक्रमाणिका


| क.सं. | विषय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | ऑन लाईन आवेदन की प्रक्रिया व चरण<br>परीक्षा आवेदन, परीक्षा शुल्क | 5-7 |
| 2 | प्रवेश पात्रता | 8-11 |
| 3 | परीक्षा आयोजन प्रक्रिया एवं पाठ्यक्रम | 12-14 |
| 4 | आवेदक की घोषणा | 15-16 |
| 5 | आवंटित महाविद्यालय उपस्थिति के समय<br>आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले<br>दस्तावेजों की सूची | 17 |
| 6 | आवेदक हेतु अन्य निर्देश | 18 |

# गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय,बाँसवाड़ा

**जिलाधीश कार्यालय परिसर, बाँसवाड़ा – 327001**

समन्वयक, प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा

(D.El.Ed.(**Pre.B.S.T.C**) Examination) – 2018

## प्रवेश पूर्व परीक्षा – 2018

**अधिसूचना संख्या – 01/2018 दिनांक 06.02.2018**

राजस्थान राज्य में संचालित विभिन्न शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं में D.El.Ed (बीएसटीसी (सामान्य)/बीएसटीसी (संस्कृत) मे प्रवेश हेतु राज्य सरकार एवं राष्ट्रीय शिक्षा परिषद् के नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों से प्रवेश पूर्व परीक्षा 2018 के लिए ऑनलाईन आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जा रहे हैं।

| क्र.सं. | विवरण | महत्वपूर्ण तिथियां |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाईन आवेदन पत्रों की उपलब्धता | 12 फरवरी, 2018 से |
| 2. | परीक्षा शुल्क की अंतिम तिथि | 10 मार्च, 2018 तक |
| 3. | ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | 10 मार्च, 2018 तक |
| 4. | प्रवेश परीक्षा | 06 मई, 2018<br>दोपहर 2.00 से 5.00 बजे |

**(A.) पात्रता :**

**(अ) शैक्षणिक योग्यता :**

1. उच्च माध्यमिक परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम अंक प्रतिशत विभिन्न वर्गो के लिए निम्नानुसार होंगे।

| शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम | सामान्य | अनु. जाति/जनजाति | ओबीसी | दिव्यांग | विधवा तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाएं |
|---|---|---|---|---|---|
| **(D.El.Ed.) बीएसटीसी(सामान्य)/ बीएसटीसी (संस्कृत) 2018** | 50 % | 45% | 45% | 45% | 45% |

- वांछित न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत गणना में एक अंक भी कम स्वीकार्य नहीं होगा।
- जो आवेदक वर्ष 2018 में उच्च माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है, वे भी आवेदन करने हेतु पात्र होंगे, परन्तु उन्हे काउन्सलिंग के समय तक पात्रता की सभी शर्तो को पूर्ण करना अनिवार्य होगा।

(ब) **आयु** : आवेदक की आयु **01 जुलाई 2018** को **28** वर्ष से अधिक नहीं हो। विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं तथा राजकीय शिक्षकों के लिए आयु सीमा में कोई बन्धन नहीं है। अनुसुचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग/ अति पिछडा वर्ग एवं महिलाओं के लिए राजकीय सेवा नियमों के अनुरूप आयु सीमा में छूट देय होगी।

**(B.) आरक्षण** : प्रवेश के लिए आरक्षण राज्य सरकार के नियमानुसार होगा।

**(C.) आवेदन प्रक्रिया :**

1. **आवेदन – Online Application Form विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bstcggtu2018.com के माध्यम से लिये जायेंगे।**

- **अभ्यर्थी राज्य के निर्धारित ई–मित्र कियोस्क के माध्यम से फॉर्म भर सकते है एवं परीक्षा शुल्क जमा करवा सकते है। इस हेतु अभ्यर्थी द्वारा रुपये 26/– (आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु) की राशि सेवा प्रदाता को सेवा शुल्क के रूप में देय होगी।**
- अभ्यर्थी स्वयं के स्तर से भी आवेदन पत्र भर सकता है। परीक्षा शुल्क जमा कराने हेतु **"ऑन–लाइन पेमेट के माध्यम से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड अथवा नेट बैकिंग का उपयोग कर सकेंगे"** तथा सफलतापूर्वक ऑन–लाईन भुगतान के पश्चात् अपने आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी प्रिंट कर सकेंगे।
- आवेदन पत्र ऑन लाईन ही स्वीकार्य होंगे, विश्वविद्यालय को हार्ड कॉपी प्रेषित न करें, किसी भी परिस्थिति में **हाथ से भरे आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**
- ऑनलाईन आवेदन पत्र सावधानी पूर्वक भर कर उसका प्रिंट ले एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी अपने पास संभाल कर रखे, जिसे काउंसलिंग के समय निर्देशानुसार जमा करवाना आवश्यक होगा।

**आवेदन परीक्षा शुल्क :**

| | | |
|---|---|---|
| D.El.Ed. (सामान्य)अथवा D.El.Ed. (संस्कृत) (किसी एक पाठ्यक्रम हेतु) | - | **400 रुपये** |
| D.El.Ed. (सामान्य) एवं D.El.Ed. (संस्कृत) (दोनो पाठ्यक्रम हेतु) | - | **450 रुपये** |

**नोट –**

- आवेदक वेबसाईट पर उपलब्ध विस्तृत दिशानिर्देश सावधानी पूर्वक पढ़कर ही आवेदन करें।
- परीक्षा सम्बन्धी आवश्यक सूचनाऐं **SMS के माध्यम से प्रेषित की जायेगी। अतः आवेदक अपना सही मोबाईल नम्बर भरें।**
- **कार्यालय समय :** सांय 5.00 बजे से रात्रि 8 बजे तक (कार्य दिवस)
- **हेल्पलाईन नम्बर :**
  - ✓ **02962- 247022**
  - ✓ **02962- 246022**
- **E-mail : bstcggtu2018@gmail.com**
- **वेबसाईट : (i) www.ggtu.ac.in , (ii) www.bstcggtu2018.com**

**समन्वयक**

# प्रवेश पूर्व परीक्षा–2018 के सामान्य निर्देश

## 1-ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया व चरण

1- **परीक्षा आवेदनः–** प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (सामान्य)/प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा–2018 (Pre B.S.T.C. (D.El.Ed.) Examination-2018 हेतु परीक्षा आवेदन–पत्र कार्यालय की किसी भी वेबसाईट www.bstcggtu2018.com से आवेदन किया जा सकता है

❖ **आवेदन प्रक्रियाः–** प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (सामान्य)/प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा–2018 (Pre B.S.T.C. (D.El.Ed.) Examination हेतु परीक्षा आवेदन Online Application Form में उपरोक्त वेब–साईट के माध्यम से लिये जायेंगे, जिन्हें अभ्यर्थी साइबर कैफे या स्वयं के कम्प्यूटर द्वारा भर सकेगें। अभ्यर्थी ऑन–लाईन आवेदन भरने से पूर्व वेब–साईट पर उपलब्ध दिशा–निर्देशों को भली–भांति पढ़ लेवें। **हाथ से भरे आवेदन पत्र किसी भी रूप में इस कार्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

❖ **ऑनलाईन आवेदन करने से पूर्व निम्न कार्य करें।**

- ➢ आवेदन ऑन–लाईन एप्लीकेशन फॉर्म (On-line Application Form) उपरोक्त वेब–साईट के माध्यम से लिये जायेंगे, जिन्हें अभ्यर्थी साइबर कैफे या स्वयं के कम्प्यूटर द्वारा भर सकेगें। अभ्यर्थी ऑन–लाईन आवेदन भरने से पूर्व वेब–साईट पर उपलब्ध दिशा–निर्देशों को भली–भांति पढ़ लेवें। **हाथ से भरे आवेदन पत्र किसी भी रूप में इस कार्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**
- ➢ आवेदक अपनी नवीनतम पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो **(अधिकतम 100 के.बी.)** और हस्ताक्षर **(अधिकतम 50 के.बी.)** को अलग–अलग स्केन कर JPG/GIF/BMP बनाऐं।
- ➢ आवेदक अपनी सैकण्डरी, उच्च माध्यमिक की अंकतालिका व प्रमाण–पत्र, आरक्षण प्रमाण–पत्र सबकेटेगरी (विधवा/तलाकशुदा/दिव्यांग, भूतपूर्व सैनिक/टाडा सहरिया आदि) प्रमाण–पत्र अपने साथ रखें।

**(अ)** वेबसाईट पर ऑनलाइन पत्र उपलब्ध हैं जिन्हें अभ्यर्थी साइबर कैफे या स्वयं के कम्प्यूटर द्वारा भर सकेगें, फोटो व हस्ताक्षर को अपलोड कर आवश्यक सूचना भरने के पश्चात् हार्ड कॉपी निकालकर घोषणा–पत्र एवं आवश्यक प्रमाण–पत्रों की सत्यापित फोटोप्रति अपने पास सुरक्षित संभाल कर रखें। जिसे परीक्षा के पश्चात् काउंसलिंग के समय प्रवेश हेतु आवंटित संस्थान में जमा करवाना होगा।

अभ्यर्थी को डाउनलॉड किये गये आवेदन पत्र व घोषणा–पत्र की हार्ड कॉपी अपने पास सुरक्षित संभाल कर रखें। जिसे काउंसलिंग के पश्चात् प्रवेश हेतु आवंटित संस्थान में जमा करवानी आवश्यक होगी। अतः अभ्यर्थी इन्हे अपने पास सुरक्षित रखें। अभ्यर्थी के आवेदन की सॉफ्ट कॉपी प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) कार्यालय रिकॉर्ड में उपलब्ध है, जिसे काउंसलिंग के समय अभ्यर्थी द्वारा जमा कराये गये हार्ड कॉपी से आवश्यकता पड़ने पर मिलान किया जायेगा।

**(ब)** ऑन लाईन आवेदन पत्र अभ्यर्थी स्वंय भरे अथवा अपनी देख–रेख में सावधानी पूर्वक भरवाएं। आवेदन–पत्र किसी अन्यत्र जैसे–**साइबर कैफे ऑपरेटर** आदि द्वारा भरे जाने के स्थिति में अभ्यर्थी समस्त सूचनाएं अपने प्रमाण–पत्रों के अनुसार आवेदन–पत्र में सावधानी पूर्वक जांचने के पश्चात ही OK करें। अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि ऑनलाईन आवेदन करते समय अपने प्रमाण–पत्र साथ रखें व उसी आधार पर प्रविष्टियाँ भरें।

**(स)** संदेश (SMS) से प्राप्त रोल नं. एवं परीक्षा केन्द्र के आधार पर प्रवेश पत्र प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा (D.El.Ed.(Pre.B.S.T.C) Examination) - 2018 की वेबसाईट से डाउनलोड करें। ये सूचना प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा (D.El.Ed.(Pre.B.S.T.C) Examination) - 2018 की अधिकृत वेबसाइट www.bstcggtu2018.com पर भी उपलब्ध रहेगी। आवेदक इस कार्यालय की उक्त उल्लेखित वेबसाईट पर चाही गयी सूचनाएँ प्रविष्ट कर प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकेगा। **परीक्षा के लिए कोई प्रवेश पत्र कार्यालय द्वारा डाक से नहीं भेजा जायेगा।**

## 2- परीक्षा शुल्कः—

प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (सामान्य) अथवा प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (संस्कृत) (किसी एक पाठ्यक्रम हेतु) :— **400** रूपये
प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (सामान्य) एवं बी.एस.टी.सी.(संस्कृत) (दोनों पाठ्यक्रम हेतु) :— **450** रूपये

- आवेदक उपरोक्तानुसार परीक्षा शुल्क राशि का भुगतान ऑन—लाईन पेमेंट गेटवे के माध्यम से डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड अथवा नेट बेंकिंग से कर सकेगें तथा सफलतापूर्वक ऑन—लाईन भुगतान के पश्चात् अपने आवेदन—पत्र की हार्ड—कॉपी प्रिंट कर सकेगें।
- ऑन—लाईन भुगतान के द्वारा आवेदन शुल्क जमा करवाने के पश्चात् भी यदि आवेदन—पत्र का प्रिंट नहीं निकलता है तो इस कार्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध हेल्प लाइन नम्बर पर सम्पर्क करें।
- जो अभ्यर्थी प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा (D.El.Ed.(Pre.B.S.T.C) Examination) - 2018 अल्पभाषाई संस्थान से अल्प भाषा में प्रवेश के इच्छुक हों वे ऑन—लाईन आवेदन करते समय अपने विषय के विकल्प का चयन करें।
- **अभ्यर्थी वेबसाईट पर ऑनलाईन पत्र की सभी प्रविष्टियों को सावधानीपूर्वक भरें व अपना मोबाईल नम्बर आवश्यक रूप से लिखें, जिससे सम्भवतया कार्यालय द्वारा उसके मोबाइल नम्बर पर आवश्यक जानकारियां संदेश (SMS) द्वारा आवंटित रोल नम्बर, परीक्षा केन्द्र इत्यादि की सूचना दी जायेगी।**
- **समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र बांसवाड़ा जिला न्यायालय रहेगा।**

# 2-प्रवेश पात्रता

- **शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम (D.El.Ed.) में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के मापदण्डानुसार होनी अनिवार्य है।**
- **प्रवेश के लिए आरक्षण राज्य सरकार के नियमानुसार होगा।**

## (अ) शैक्षणिक योग्यताएँ :–

1. राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के मापदण्डानुसार शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा (10+2) अथवा समकक्ष में न्यूनतम अंक प्रतिशत विभिन्न वर्गों के लिए निम्नानुसार होंगे :–

| शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम | सामान्य | अनु. जाति/अनु. जनजाति | ओबीसी/एमबीसी | दिव्यांग | विधवा,तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाएं |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (सामान्य)/प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (संस्कृत) –2018 (D.El.Ed.) | 50% | 45% | 45% | 45% | 45% |

**वांछित न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत गणना में एक अंक भी कम स्वीकार्य नहीं होगा एवं ऐसा होना आवेदक की अभ्यर्थिता को निरस्त करने का पर्याप्त कारण होगा।**

**(उदाहरणतः किसी सामान्य एवं अन्य अभ्यर्थी के उच्च माध्यमिक परीक्षा या समकक्ष परीक्षा में क्रमशः 49. 99 प्रतिशत, 44.99 प्रतिशत अंक है वे अभ्यर्थी भी अयोग्य होंगे।)**

2. उपरोक्त नम्बर 1 के क्रम में यदि आवेदक, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान के अलावा किसी अन्य बोर्ड से आयोजित सैकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण की हो तो इन परीक्षाओं को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर द्वारा समकक्षता की मान्यता प्राप्त होने पर ही वह प्रवेश हेतु पात्र होगा। **(अभ्यर्थी को समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा)।**

3. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर से पुरानी प्रणाली के अन्तर्गत हायर सैकेण्डरी उत्तीर्ण आवेदक को भी अन्य शर्तें पूर्ण करने पर प्रवेश हेतु योग्य माना जावेगा।

4. जो आवेदक वर्ष–2018 में सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा में सम्मिलित हो रहे हैं, वे भी आवेदन करने हेतु पात्र होंगे, परन्तु उन्हें काउंसलिंग के समय तक पात्रता की सभी शर्तों को पूर्ण करना अनिवार्य होगा। यह कि उच्च माध्यमिक का परीक्षा परिणाम निर्धारित काउंसलिंग की दिनांक

तक नहीं दिये जाने पर अथवा निर्धारित अंक प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अभ्यर्थी को काउंसलिंग में शामिल नहीं किया जावेगा।

## (ब) आयु :—

आवेदक की आयु **01 जुलाई—2018** को **28** वर्ष से अधिक न हो। विधवा, तलाकशुदा एवं परित्यक्ता महिलाओं तथा राजकीय शिक्षकों के लिए आयु सीमा में कोई बन्धन नहीं है। अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अति पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए राजकीय सेवा नियमों के अनुरूप आयु सीमा में छूट देय होगी।

| **क्र.स.** | **अभ्यर्थियों का वर्ग** | | **अधिकतम आयु में देय छूट (वर्षो में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | राजस्थान राज्य के अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछडा वर्ग, अति पिछडा वर्ग के पुरूष एवं सामान्य वर्ग की महिला | | 5 |
| 2 | राजस्थान की अुनसूचित जाति, जनजाति, पिछडा वर्ग एवं अति पिछडा वर्ग की महिला | | 10 |
| 3 | विधवा एवं विछिन्न विवाह (परित्यक्ता) महिला | | अधिकतम आयु सीमा नही |
| 4 | दिव्यंता | सामान्य | 10 |
| | | पिछडा/अति पिछडा वर्ग | 13 |
| | | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति | 15 |

## (स) शारीरिक अयोग्यता:—

**ऐसे आवेदक जिनमें शारीरिक दोष हों, जो उसके द्वारा सम्पादित किये जाने वाले अध्यापन कार्य में बाधा डाले, जैसे—गूंगा होना, बोलने में असमर्थ होना, पूर्णरूप से बहरा होना, दोनो हाथों का नहीं होना, जिससे श्यामपट्ट कार्य नहीं कर सके, दोनों पैरों का नहीं होना, जिससे कक्षा में खड़ा नहीं हो सके आदि, इस पाठ्यक्रम में प्रवेश के पात्र नहीं हैं, अतः ऐसे आवेदक आवेदन नहीं करें। उपरोक्त के अतिरिक्त नेत्रांध व अन्य दिव्यांग प्रवेश के पात्र होगें।**

राजस्थान दिव्यांग व्यक्तियों के नियोजन नियम 2000 के अनुसार मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त दिव्यांग का प्रमाण—पत्र जो 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग का होने पर ही आवेदक दिव्यांग हेतु आरक्षित पदों हेतु पात्र माना जायेगा।

## (द) अन्य आवश्यक प्रमाण–पत्रः–

1. आवेदक को राज्य के मूल निवासी (बोनाफाइड) होने का प्रमाण–पत्र संलग्न करना होगा, जो राज्य सरकार द्वारा अधिकृत जिला मजिस्ट्रेट/एस.डी.एम. के द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी किया गया हो वही मान्य होगा एवं आवेदन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि से पूर्व का होना चाहिए।

2. राजस्थान के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/टाडा/सहरिया के प्रमाण–पत्र एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए प्रमाण–पत्र, अति पिछड़ा वर्ग का प्रमाण–पत्र राज्य सरकार द्वारा अधिकृत सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया होना चाहिए एवं उसमें राजस्थान के मूल निवासी होने का उल्लेख हो अगर जाति प्रमाण–पत्र में राजस्थान के मूल निवास का उल्लेख नहीं है तो सक्षम अधिकारी द्वारा जारी राजस्थान के मूल निवास का प्रमाण–पत्र अलग से निर्धारित प्रपत्र के अनुसार देना होगा।

3. अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के सम्बन्ध में जारी प्रमाण–पत्र एक वर्ष के लिए मान्य होगा। क्रिमिलियर में नहीं होने का शपथ पत्र देने पर प्रमाण–पत्र आगामी वर्ष में भी मान्य होगा तथा ऐसा अधिकतम 03 वर्ष तक ही किया जा सकेगा।

4. विधवा महिला को अपने पति का मृत्यु प्रमाण–पत्र तथा पुनर्विवाह नहीं करने का शपथ–पत्र जो कि नोटेरी से प्रमाणित हो, देना होगा।

5. तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला की स्थिति में न्यायालय की डिक्री तथा पुनर्विवाह नहीं करने का शपथ–पत्र जो कि नोटेरी से प्रमाणित हो देना होगा।

6. आवश्यक प्रमाण–पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होने चाहिए अन्यथा मान्य नहीं होगें।
7. राजस्थान राज्य के अभ्यर्थियों के अतिरिक्त सभी अभ्यर्थी सामान्य श्रेणी में मान्य होगें, ऐसे अभ्यर्थियों को किसी भी तरह का आरक्षण देय नहीं होगा।

## (य) आरक्षण :–

1. सत्र 2011–12 से अधिसूचित जनजाति उपायोजना क्षेत्र के स्थानीय अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को सेवा पूर्व शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रावधित अनुसूचित जनजाति के 12 प्रतिशत आरक्षण का 45 प्रतिशत आरक्षण सम्पूर्ण राज्य में स्थित शिक्षक प्रशिक्षक संस्थाओं में एनसीटीई द्वारा स्वीकृत सीटों पर लागू रहेगा। यह आरक्षण अनुसूचित जनजाति के 12 प्रतिशत आरक्षण के अध्यधीन ही देय होगा। जनजाति उपायोजना क्षेत्र के अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के कोटे की सीटें खाली रहने पर अन्य अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों से भरी जा सकेगी।

2. एस.सी.,एस.टी., अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगों, रक्षाकर्मी आश्रितों, महिलाओं, विधवा एवं परित्यक्ता महिलाओं हेतु आरक्षण राज्य सरकार के नियमानुसार देय होगा।

3. प्रवेश क्षमता की अधिकतम 5 प्रतिशत सीटों पर राज्य से बाहर के अभ्यर्थियों को मैरिट के आधार पर प्रवेश दिया जा सकेगा।

4. राज्य सरकार द्वारा प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) में आरक्षण हेतु जारी दिशा–निर्देश मान्य होगें। जिसकी जानकारी समय–समय पर प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) वेबसाइट से प्राप्त की जा सकेगी।

5. अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त शिक्षण प्रशिक्षण संस्थानों में वरीयतानुसार निर्धारित 51 प्रतिशत सीटों पर अल्पसंख्यक कोटे में नोडल एजेन्सी द्वारा प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) प्रवेश पूर्व परीक्षा में सफल रहे अल्प संख्यक अभ्यर्थियों को एवं शेष 49 प्रतिशत सीटों पर भी सामान्य कोटे के प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) प्रवेश पूर्व परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों को प्रवेश एजेन्सी द्वारा ही प्रवेश दिया जावेगा। किसी भी प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) प्रशिक्षण संस्थान को अपने स्तर पर किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश दिये जाने का प्रावधान नहीं है।

**(र)** प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) प्रवेश पूर्व परीक्षा में वरीयता प्राप्त सभी अभ्यर्थी काउंसलिंग शुल्क जमा करा कर काउसंलिंग में शामिल हो सकेंगें। अभ्यर्थी अधिकतम महाविद्यालय विकल्प का चयन करें। जिससे कि उसका प्रवेश सुनिश्चित हो सके। महाविद्यालय आवंटन न होने की दशा में व स्वतः ही इस प्रक्रिया से बाहर हो जायेगा व उनकी काउसंलिंग शुल्क नियमानुसार लौटा दिया जावेगा।

अभ्यर्थियों को काउंसलिंग शुल्क लौटाने में होने वाले विलम्ब को देखते हुए अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे **अपना बैंक खाता खुलवाये** तथा काउसंलिंग हेतु रजिस्ट्रेशन कराते समय अपना खाता मय बैंक का नाम एवं IFSC कोड सही एवं स्पष्ट अंकित करें, जिससे की काउसंलिंग शुल्क लौटाने में सुविधा हो।

**(ल)** प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा (D.El.Ed.(Pre.B.S.T.C) Examination) – 2018 प्रवेश पूर्व परीक्षा में वरीयता प्राप्त अभ्यर्थियों की काउंसलिंग दो चरणों में किया जाना प्रस्तावित है। कुल सीट्स के 02 प्रतिशत से अधिक सीट्स रिक्त होने पर तृतीय चरण में भी काउंसलिंग द्वारा आवंटन किया जा सकेगा। प्रत्येक चरणों में अपवर्ड मूवमेन्ट द्वारा वरीयतानुसार अभ्यर्थियों के महाविद्यालय का स्थानान्तरण किया जाना प्रस्तावित है।

**(व)** प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा (D.El.Ed.(Pre.B.S.T.C) Examination) – 2018 में राज्य सरकार के नियमानुसार (अ) विधवा एवं परित्यक्ता (ब) दिव्यांग (स्त्री व पुरूष) (स) एकल महिला (अविवाहित) का महाविद्यालय स्थानान्तरण काउसंलिंग द्वारा आवंटन पूर्ण होने के पश्चात् रिक्त सीट्स पर किया जाना प्रस्तावित है। स्थानान्तरण की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ऑनलाईन द्वारा अभ्यर्थियों को आवेदन किया जाना प्रस्तावित है। स्थानान्तरण वरीयता के अनुसार ही किया जायेगा।

# 3-परीक्षा आयोजन प्रक्रिया

1. **परीक्षा दिनांक 06 मई, 2018 (रविवार)** को निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर दोपहर 2:00 से 05:00 बजे तक आयोजित की जावेगी।
2. परीक्षा प्रवेश पत्र प्राप्ति :– कार्यालय की वेबसाईट www.bstcggtu2018.com से परीक्षा तिथि से 7 दिवस पूर्व डाउनलोड करें।
3. परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने के आधा घण्टा पूर्व आवश्यक रूप से पहुँच कर स्थान ग्रहण करें।
4. परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी Question Booklet प्राप्त कर, अवलोकन पश्चात् यह सुनिश्चित कर लेवें की उसके सभी पृष्ठ पूर्ण हैं कोई भी पृष्ठ क्षतिग्रस्त नहीं हैं तथा प्रश्नों का क्रमांक बढ़ते क्रम में है। क्षतिग्रस्त/त्रुटिपूर्ण Question Booklet तथा OMR Sheet को परीक्षा प्रारम्भ होने के 10 मिनट तक बदलवा लेवें इसके पश्चात् कोई बदलाव नहीं होगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।
5. किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा की निर्धारित अवधि समाप्त होने से पूर्व परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।
6. परीक्षा समाप्ति के पश्चात् Question Booklet व OMR Sheet वीक्षक (Invigilator) को सुपुर्द करने के बाद ही परीक्षा कक्ष छोड़ें।
7. प्रश्न पत्र संरचना :– प्रश्न–पत्र चार खण्डों में विभाजित है। कुल प्रश्नों की संख्या 200 होगी। सभी प्रश्न बहुवैकल्पिक (Multiple Choice Questions) प्रकार के होंगे। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं एवं प्रत्येक प्रश्न 03 अंक का है। किसी भी प्रकार का नकारात्मक अंकन (Negative Marking) नहीं होगा। प्रश्न पत्र संरचना निम्न प्रकार है :–

| खण्ड | अ | ब | स | द | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | I | II | III |
| **विषय** | **मानसिक योग्यता** | **राजस्थान की सामान्य जानकारी** | **शिक्षण अभिक्षमता** | **अंग्रेजी** | **संस्कृत** | **हिन्दी** |
| प्रश्नों की संख्या | 50 | 50 | 50 | 20 | 30 | 30 |
| अंक | 150 | 150 | 150 | 60 | 90 | 90 |

**8.** **प्रश्न–पत्र सम्बन्धी सूचना :–** Question Booklet में कुल 200 बहुवैकल्पिक (Muliple Choce Question) प्रश्न होगें। प्रत्येक प्रश्न में वैकल्पिक उत्तर होगें। प्रश्न पत्र चार खण्डों (अ,ब,स,द) में विभक्त होगा। खण्ड 'द' तीन उपखण्डों (I-अंग्रेजी, II-संस्कृत एवं III-हिन्दी) में विभाजित होगा। खण्ड अ,ब,स एवं द का **उपखण्ड I-अंग्रेजी भाग सभी आवेदकों को हल करना आवश्यक है।** खण्ड 'द' का उपखण्ड II-संस्कृत भाग प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (संस्कृत) पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले आवेदकों को हल करना होगा तथा खण्ड 'द' का उपखण्ड III-हिन्दी भाग प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (सामान्य)–2018 पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले आवेदकों को हल करना आवश्यक है।

**9.** जो अभ्यर्थी प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (सामान्य) एवं प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) (संस्कृत)–2018 दोनो का चयन करते हैं उन्हे खण्ड 'द' का उप–खण्ड II-संस्कृत भाग हल करना होगा।

**10.** परीक्षा के समस्त प्रश्न बहुवैकल्पिक (Muliple Choce Question) होंगें तथा इनके सही उत्तर के लिए आपको दी गयी OMR Sheet के संबंधित प्रश्न संख्या के सामने अंकित A,B,C,D वाले गोले को ही काला/नीला करना होगा अन्य स्थान को काला/नीला करने या A,B,C,D लिखने पर आपकी OMR Sheet का अंकन नहीं होगा। इसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होगें।

**11. OMR Sheet सम्बन्धी सूचना :–**

(अ) परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व OMR Sheet की समस्त प्रविष्टियों की पूर्ति करें। अभ्यर्थी OMR Sheet में रोल नं. एवं Question Booklet नम्बर सावधानीपूर्वक सही अंकित करें और अपना रोल नम्बर प्रवेश पत्र से जाँच कर लिखें। अभ्यर्थी का परिणाम OMR मशीन द्वारा Answer Sheet में अपने द्वारा भरा गया Question Booklet नम्बर के आधार पर ही तैयार किया जावेगा।

(ब) OMR Sheet चार खण्डों में विभक्त होगी। प्रत्येक खण्ड में 50 प्रश्न होगें। प्रत्येक प्रश्न के न्यूनतम चार "वैकल्पिक उत्तर" A,B,C,D के रूप में होंगें।

(स) OMR Sheet में सही उत्तर वाले गोले को **काले/नीले बॉल पांइट पेन** से पूरा गहरा करें।

(द) एक प्रश्न के उत्तर के लिए एक ही गोले को काला/नीला करें, तथा रफ कार्य न करें।

(य) गोले को ही काला/नीला करें, अन्यत्र या पास में बनाये गये गोले का अंकन नहीं होगा।

(र) OMR Sheet का मूल्यांकन Scanning द्वारा होगा। अतः सम्पूर्ण गोला गहरा काला/नीला करें।

(ल) परीक्षा समाप्ति के पश्चात् परीक्षार्थी OMR Sheet व Question Booklet वीक्षक (Invigilator) को सुपुर्द करने के बाद ही अपना कक्ष छोडें।

(व) Question Paper के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर परीक्षा केन्द्र पर प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) पर्यवेक्षक को अपनी शिकायत लिखित में देवें।

# प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा (D.El.Ed.(Pre.B.S.T.C) Examination) – 2018

## का पाठ्यक्रम

## पाठ्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा

**अधिकतम अंक**

(अ) **Mental Ability (मानसिक योग्यता) – (50 प्रश्न)** **150 अंक**

Reasoning (तार्किक योग्यता), Analogy (दो वस्तुओं की आंशिक समानता या समरूपता), Discrimination (विभेदीकरण), Relationship (सम्बन्धता), Analysis (विश्लेषण), Logical Thinking (तार्किक चिन्तन)

(ब) **General Awareness of Rajasthan (राजस्थान की सामान्य जानकारी)– (50 प्रश्न) 150 अंक**

Historical Aspect (ऐतिहासिक पक्ष), Political Aspect (राजनैतिक पक्ष), Art, Culture and Literature Aspect (कला, संस्कृति और साहित्य पक्ष), Economic Aspect (आर्थिक पक्ष), Geographical Aspect (भौगोलिक पक्ष), Folk Life (लोक जीवन), Social Aspect (सामाजिक पक्ष), Tourism Aspect (पर्यटन पक्ष)

(स) **Teaching Aptitude (शिक्षण अभिक्षमता) – (50 प्रश्न)** **150 अंक**

Teaching Learning (शिक्षण अधिगम), Leadership Quality (नेतृत्व गुण), Creativity (सृजनात्मकता), Continuous and Comprehensive Evaluation (सतत एवं व्यापक मूल्यांकन), Communication Skills (संप्रेषण कौशल), Professional Attitude (व्यावसायिक अभिवृत्ति) Social Sensitivity (सामाजिक संवेदनशीलता)

(द) **Language Ability (भाषा योग्यता) – (50 प्रश्न)**

**English- (20 प्रश्न)** **60 अंक**

Comprehension, Spotting Errors, Narration, Prepositions, Articles, Connectives, Correction of Sentences, Kind of Sentences, Sentence Completion, Tense, Vocabulary, Synonym, Antonym, One Word Substitution, Spelling Errors.

**II. Sanskrit (संस्कृत) – (30 प्रश्न)** **90 अंक**

**(केवल प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) संस्कृत पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए)**

स्वर, व्यंजन, (उच्चारण स्थान), शब्द रूप (अकारान्त पुल्लिंग, अकरान्त स्त्रीलिंग, नपुंसकलिंग) धातुरूप (लट्लकार, लोटलकार, लड्.लकार एवं विधिलिंगलकार), उपसर्ग एवं प्रत्यय, संधि (स्वर, व्यंजन एवं विसर्ग संधि), समास (तत्पुरूष, द्विगु एवं कर्मधारय समास), लिंग एवं वचन, विभक्तियां एवं कारक ज्ञान

**अथवा**

**III. Hindi (हिन्दी) – (30 प्रश्न)** **90 अंक**

शब्द ज्ञान–पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द। युग्म शब्द, वाक्य विचार, शुद्धीकरण (शब्द शुद्धि एवं वाक्य शुद्धि), मुहावरे एवं कहावतें, संधि, समास, उपसर्ग, प्रत्यय, वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द।

# आवेदक द्वारा घोषणा

*(काउंसलिंग के समय आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें)*

मैं..................................................पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री........................................................(नाम) घोषणा करता/करती हूँ कि :–

1. मैंने बी.एस.टी.सी. (सामान्य)/बी.एस.टी.सी. (संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा–2018 (Pre B.S.T.C. (D.El.Ed.) Examination से सम्बन्धित नियमों के लिए निर्धारित सामान्य निर्देशों का अध्ययन कर लिया है।
2. मैं किसी भी स्थिति में जमा शुल्क को लौटाने के लिए नही कहूँगा/कहूँगी।
3. मुझे किसी भी आपराधिक कृत्य के लिए किसी भी न्यायालय द्वारा कभी दण्डित नही किया गया है।
4. (अ) किसी गलती या विवाद की स्थिति में पहले मैं प्रकरण सम्बन्धी पूर्ण वस्तुस्थिति के साथ **प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा** (D.El.Ed.(**Pre.B.S.T.C**) Examination) – 2018 कार्यालय में प्रतिवेदन भेजूँगा/भेजूँगी और 60 दिवस में मामले का निस्तारण न होने के पश्चात् ही न्यायालय से न्याय हेतु/कार्यवाही करूंगा/करूंगी। किसी विधिक वाद की स्थिति में न्यायिक कार्य क्षेत्र केवल बांसवाड़ा स्थित न्यायालय का ही होना मुझे स्वीकार है।

   (ब) यदि मैंने अकारण अथवा वास्तविक तथ्यों को तोड–मरोड़ कर समन्वयक कार्यालय के विरूद्ध न्यायालय में कोई वाद दायर किया तो समन्वयक को समुचित मुआवजा देने को बाध्य होऊँगा/होऊँगी।

   (स) न्यायालय में दायर सभी विवादों के लिए न्यायिक अधिकार बॉसवाड़ा शहर स्थित न्यायालय का ही होगा।
5. अन्य पिछडा वर्ग एवं अति पिछडा वर्ग के सम्बन्ध में जारी प्रमाण पत्र एक वर्ष के लिए मान्य होगा। क्रीमीलियर में नही होने का शपथ पत्र देने पर प्रमाण पत्र आगामी वर्ष में भी मान्य होगा तथा ऐसा अधिकता 3 वर्षो तक ही किया जा सकेगा।
6. आवेदन पत्र में कमी, त्रुटि होने, तथ्य छिपाने, गलत तथ्य देने की वजह से आवेदन पत्र को किसी भी स्तर पर निरस्त किये जाने हेतु मेरी सहमति है।
7. मैं स्वयं परीक्षा प्रवेश पत्र अधिकृत वेबसाइट **www.bstcggtu2018.com** से डाउनलोड करूँगा/करूँगी।
8. मेरे मूल दस्तावेजों का अन्तिम सत्यापन प्रवेश देने वाली संस्था द्वारा किया जायेगा। यदि इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि या कमी अथवा कोई तथ्य गलत पाया जाये तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।

9. मेरे द्वारा ऑनलाईन प्रार्थना में दी गई जानकारियों को मेरे दस्तावेजों से सावधानीपूर्वक जांच कर व सही पाया गया।

10. मैं इस तथ्य से भलीभांति अवगत हूँ कि मेरे किसी भी दस्तावेज का इस परीक्षा से पूर्व सत्यापन नही किया गया है। समस्त वांछित मूल दस्तावेज प्रवेश के समय प्रवेश देने वाली संस्था के समक्ष प्रस्तुत कर दूँगा/दूँगी।

11. काउंसलिंग में आवंटित महाविद्यालय में प्रवेश नही लेने पर मेरी प्रवेश पात्रता स्वतः रद्द हो जायेगी।

दिनांक..............................

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर....................

फोन नं. मय कोड.....................

मोबाइल नं..................................

.

## सत्यापन

मैं (अभ्यर्थी का नाम)............................................................सत्यापन करता/करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र में अंकित सभी कथन मेरी जानकारी एवं निष्ठा के अनुसार सही एवं सत्य है। इसमें मैंने कोई भी तथ्य नही छिपाया है।

हस्ताक्षर........................................

**(सत्यापित करने वाले अधिकारी का नाम एवं पद )**

अभ्यर्थी का नाम.........................

**नोट :– मजिस्ट्रेट/नोटेरी/ऑथ–कमिशनर/राजपत्रित अधिकारी**

**(उक्त में से किसी से भी सत्यापित करायें)**

## आवंटित महाविद्यालय में उपस्थिति के समय आवेदन पत्र के साथ संलग्नकों की सूची :–

| क्र.सं. | दस्तावेज/प्रमाण–पत्र का नाम | संलग्न सं. |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक द्वारा घोषणा | |
| 2 | सैकण्डरी/समकक्ष की अंकतालिका की सत्यापित प्रति | |
| 3 | सीनियर सैकण्डरी/समकक्ष की अंकतालिका की सत्यापित प्रति/वर्तमान में परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी रोल नं. की प्रति संलग्न करें। | |
| 4 | मूल निवास प्रमाण पत्र की प्रति सत्यापित प्रति | |
| 5 | जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति | |
| 6 | अन्य पिछडा वर्ग/अति पिछडा वर्ग के लिए प्रमाण पत्र, जो कि 1 वर्ष से अधिक पुराना ना हो। | |
| 7 | शारीरिक दिव्यांगता के प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति। | |
| 8 | विधवा महिला की स्थिति में पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र एवं पुनर्विवाह नहीं करने का शपथ पत्र जो नोटेरी से प्रमाणित हो। | |
| 9 | तलाकशुदा/परित्यकता महिला को न्यायालय द्वारा जारी डिक्री को प्रमाणित प्रतिलिपि एवं पुनर्विवाह नही करने का शपथ–पत्र जो नोटेरी से प्रमाणित हो। | |
| 10 | भूतपूर्व सैनिक के आश्रित का प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति। | |
| 11 | टाडा/सहरिया से संबंधित प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रति। | |
| 12 | महाविद्यालय आवंटन पत्र की प्रति। | |
| 13 | अन्य | |
| 14 | कुल संलग्नकों की संख्या | |

**आवेदक के हस्ताक्षर**

# प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा (D.El.Ed.(Pre.B.S.T.C) Examination) – 2018 के आवेदक कृपया ध्यान दें

**1-** आवेदक अपने ऑनलाईन आवेदन पत्र को संभाल कर रखे, इसे निर्देशानुसार काउंसलिंग के उपरांत आवंटित संस्थान में जमा कराना होगा व साथ ही इसे प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (D.El..Ed.) – 2018 गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय , बॉसवाड़ा को सीधे ही डाक द्वारा नहीं भेजें। ऐसे भेजे गये आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और निरस्त समझे जायेगें।

**2-** पात्रता आप स्वयं सुनिश्चित करें। सफल होने पर भी अपात्रता की दशा में आपका प्रवेश किसी भी स्तर पर निरस्त कर दिया जायेगा एवं फिस नहीं लौटायी जायेगी।

**3-** परीक्षा में OMR Sheet को भरने के लिए काली/नीली स्याही का बॉल पॉइन्ट पेन का प्रयोग करें।

**4-** Negative Marking (नकारात्मक अंकन) नहीं होगी।

**5-** इस प्रवेश पूर्व परीक्षा का शुल्क किसी भी दशा में प्रत्यर्पणीय (Refundable) नहीं है। अतः नियमों और निर्देशों के अन्तर्गत जो आवेदक पूर्ण पात्रता रखते है केवल वे ही आवेदन करें।

**6-** जिले का नाम एवं संकेतांक की सूचना आवेदन–पत्र में दी गयी है। परीक्षा केन्द्र परिवर्तन हेतु कोई प्रार्थना–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा तथापि केन्द्र आवंटन के सम्बन्ध में समन्वयक का निर्णय अंतिम होगा।

**7-** परीक्षा परिणाम के पश्चात् ऑन–लाईन काउंसलिंग के द्वारा शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का आवंटन होगा। काउंसलिंग के समय आपको शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों का जिनमें आप प्रवेश लेना चाहेगें, उसका वरीयता क्रम चयन

# अभ्यर्थियों हेतु विशेष सूचना

**प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा**

**(D.El.Ed.(Pre.B.S.T.C) Examination) – 2018**

- **Examination** ऑनलाईन आवेदन करते समय अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि वे प्रवेश हेतु शैक्षणिक, आयु व केटेगरी की पूर्ण योग्यता रखते है।
- परीक्षा में भाग लेने व वरीयता प्राप्त करने के पश्चात् भी योग्यता नहीं रखने पर अभ्यर्थी काउंसलिंग अथवा प्रवेश हेतु पात्र नहीं माना जावेगा।
- अभ्यर्थियों की परीक्षा में सम्मलित होने के लिए प्रवेश पत्र में फोटो हेतु रिक्त स्थान पर ऑनलाईन में अपलोड किये गये फोटो की मूल फोटो चस्पा कर हस्ताक्षर व अंगूठे का निशान वीक्षक के सामने लगाना होगा। जिसकी जांच प्रवेश से पूर्व महाविद्यालय स्तर पर की जावेंगी।
- ऑनलाईन आवेदन भरने से पूर्व अभ्यर्थी इस अधिसूचना को सावधानीपूर्वक पढ़ें और समझ लें। किसी तरह का संदेह होने पर कार्यालय की सहायता केन्द्र से संदेह का निराकरण किया जा सकता है। इस अधिसूचना की एक प्रति अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखें।
- अभ्यर्थी समय – समय पर विश्वविद्यालय की वेब साइट (i) www.ggtu.ac.in (ii) **www.bstcggtu2018.com** का अवलोकन करें एवं दिये गए निर्देशों की पालना करें।

**समन्वयक**

**प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (सामान्य/संस्कृत) प्रवेश पूर्व परीक्षा**

D.El.Ed.(Pre.B.S.T.C) Examination – 2018

तेजस्विनावधीतमस्तु